(a) whether Government's attention has been drawn to the news-item which appeared in Indian Express, dated 16th October, 1992 regarding the charges levelled by a senior railway official against P. T. Usha and her emotional reaction; and

(b) if so, the steps taken by Government in this matter:

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN) : (a) Yes, Sir.

(b) In view of facilities befitting her status already extended to her, no steps are considered necessary.

उत्तर प्रदेश में रेल परियोजनाएं

2522. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में सातवीं पंचवर्षीय योजना से पहले आरंभ हुई रेल परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त प्रत्येक परियोजना के पूरा करने होने की तिथियों का अलग-अलग ब्यौरा क्या है और 30 अगस्त 1992 की स्थिति के अनुसार शेष परियोजनाओं के निर्माण कार्य की प्रगति से संबंधित स्थिति क्या है; और

(ग) उक्त परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत कितनी है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) से (ग) सातवीं पंचवर्षीय योजना के प्रारम्भ से पहले उत्तर प्रदेश में चल रही नयी लाइनों के निर्माण और आमान परिवर्तन की परियोजनाओं की स्थिति नीचे दी गई है :—

परियोजना का नाम	वर्तमान स्थिति	नवीनतम लागत (करोड़ रुपयों में)
1	2	3
1. मथुरा–अलवर–नई लाइन का निर्माण (119.75 कि० मी०)	कार्य प्रगति पर है तथा इसके 1993–94 में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है ।	69.43
2. पूर्ववर्ती शाहदरा-सहारनपुर लाइट रेलवे द्वारा सेवित क्षेत्र में बड़ी लाइन का निर्माण (157.8 कि० मी०)	1980–81 में पूरी हो चुकी है ।	36.30
3. रामपुर से न्यू हल्द्वानी (काठगोदाम) नयी बड़ी लाइन का निर्माण (87 कि० मी०)	1993–94 में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है ।	49.54
4. बगहा और छितौनी के बीच मी० गे० का पुर्नस्थापन (28.41 कि० मी०) ।	**(कृपया नीचे देखें)	150.59

1	2	3
5. बाराबंकी–समस्तीपुर मी०ला० खंड (बरास्ता मुजफ्फरपुर) का ब०ला० में आमान परिवर्तन तथा कौड़ियाला घाट–कतरनियां घाट स्टेशनों के बीच नये मी० ला० संपर्क की व्यवस्था ।	1981–82 में पूरी हो चुकी है।	101.19
6. वाराणसी–भटनी तथा सेलमपुर–बरहज बाजार मी० ला० खंड का ब० ला० में आमान परिवर्तन ।	1991–92 में पूरी हो चुकी है ।	85.28
7. मुरादाबाद–रामनगर मी०ला० खंड को ब० ला० खंड में बदलना (77.50 कि० मी०)	1988–89 में पूरा हो गया ।	19.75
8. काशीपुर–लालकुंआ मी०ला० (60.75) और लालकुंआ–न्यू हल्द्वानी समानांतर ब० ला० (11.27 कि० मी०) का आमान परिवर्तन	***(कृपया नीचे देखें)	118.20

**यह कार्य रेलवे, उत्तर प्रदेश, बिहार एवं जल संसाधन मंत्रालय के बीच लागत में भागीदारी के आधार पर स्वीकृत किया गया था, इसमें अन्य भागीदारों के अपना हिस्सा न जुटाने के कारण विलंब हुआ था । इस कार्य को अब आरंभ किया गया है तथा इसके 1995–96 में पूरा करने का लक्ष्य है बशर्ते कि आने वाले वर्षों में सभी भागीदार अपना हिस्सा समय से जुटाएं ।

***इस कार्य के लिए धन जुटाना संभव नहीं हो पाया है । संसाधनों की स्थिति में सुधार होते ही इसे आरंभ किया जाएगा ।

उत्तर रेलवे के मंडलों में "घ" श्रेणी के कर्मचारियों की नियुक्ति

2523. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर रेलवे के मंडलों के अंतर्गत विभिन्न रेलवे स्टेशनों में गत दो वर्षों के दौरान "घ" श्रेणी के अनेक कर्मचारी नियुक्त हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो स्टेशन-वार कितने व्यक्तियों की नियुक्ति की गई; और

(ग) इनकी नियुक्ति के लिए क्या मानदण्ड निर्धारित किए गए हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) से (ग) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

मितव्ययिता संबंधी अभियान

2524. **श्री रामसिंह राठवा** : क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनके मंत्रालय द्वारा खर्च में कमी करने के लिए अपनाए गए बचत उपायों का ब्यौरा क्या है; और